## संपादकीय

# सिफर नतीजे का सम्मेलन

ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है। वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है। दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी-20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था?

इंडोनेशिया के बाली हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी-20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी।

जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महत्त्वपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी-20 के बजाय दुनिया का ध्यान जी-7, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके। उन मंचों में कम से कम एक बात अवशय है कि वहां आने वाले देशों में हितों की समानता है, जिससे उनके बीच वैचारिक सहमति की भी अधिक गुंजाइश बनी हुई है।

# तेलंगाना के निशांत भूक्या व ओडिशा की तन्वी पात्री ने जीता एकल खिताब




**लखनऊ।** ओडिशा की तन्वी पात्री ने योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर -13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022 में बालिका एकल के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की दिव्यांशी गौतम को सीधे गेम में 21-7, 21-10 से मात देकर बालिका नेशनल चैंपियन होने का गौरव हासिल किया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में खेले गए फाइनल मुकाबलों में चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या ने बालक एकल खिताब जीता। इसके बाद खेले गए युगल मुकाबलों मे तमिलनाडु की लक्ष्य एनडी व दीक्षा एसआर ने बालिका और मणिपुर के मार्टिन इनगुदम व रिशव नागनोम ने युगल खिताब जीता।

बालिका एकल के 22 मिनट चले फाइनल मुकाबले में आठवीं वरीय तन्वी को यूपी की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर फिटनेस का फायदा मिला। दोनों ही खिलाडिय़ों की यह पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी जिसमें तन्वी ने पहला गेम आसानी सें 21-7 से जीत लिया। तन्वी ने 14-5 की बढ़त बनाने के बाद गेम में दबदबा बनाये रखा और आसानी से लगातार छह अंक जुटाए लेकिन अगली ही सर्विस पर दिव्यांशी ने गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर किया।

तन्वी ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा मुझे अपनी पहली नेशनल चैंपियनशिप में ही नेशनल खिताब जीतने की खुशी है और मैने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब मेरा ध्यान आगामी टूर्नामेंटों पर है। तन्वी ने इससे पहले इसी साल अंडर-13 आयु वर्ग के दो नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट खेले थे जिसमें मुंबई रैंकिंग नेशनल में पहला स्थान और हैदराबाद रैंकिंग टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था।

बालक एकल के फाइनल में 11वीं वरीय आंध्र प्रदेश के अखिल रेड्डी बोपा और चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या के बीच 44 मिनट चले मैराथन मुकाबले में निशांत ने 19-21, 21-12, 22-20 से जीत दर्ज की। निशांत कड़े संघर्ष के बाद पहला गेम 19-21 से गंवा बैठे। हालांकि निशांत ने दूसरा गेम आसानी से 21-12 से जीत लिया। तीसरे व निर्णायक गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें निशांत ने 22-20 से जीत दर्ज करते हुए बालक एकल में चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। बालिका युगल के फाइनल में शीर्ष वरीय तमिलनाडु की लक्ष्य एनडी व दीक्षा एसआर चैंपियन बने। इस जोड़ी ने सातवीं वरीय तेलंगाना की आराध्या रेड्डी हनुमैया गारी व अवनी रेड्डी हनुमैया गारी को 20 मिनट चले मुकाबले में 21-6, 21-8 से हराया। बालक युगल के फाइनल में मणिपुर के मार्टिन इनगुदम व रिशव नागनोम ने दूसरी वरीय तमिलनाडु के मोहित दर्शन महेश कुमार व योगेश्वरन एस को 37 मिनट चले मुकाबले में 22-20, 23-21 से हराकर खिताब जीता।

# राजौरी में निर्यात जागरूकता, क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**राजौरी।** जम्मू और कश्मीर व्यापार संवर्धन संगठन (जेकेटीपीओ) ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से राजौरी में एक निर्यात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया।

संगठन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो), एक्सपोर्ट क्रेडिट के सहयोग से गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीजीसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सहयोग किया।

बयान में कहा गया है कि यह निर्यात हब योजना/एक ओडीओपी पहल के रूप में जिले के तहत जम्मू और कश्मीर के सभी जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्रशासित प्रदेश में आयोजित होने वाले नियोजित कार्यक्रमों की निरंतरता में जेकेटीपीओ द्वारा आयोजित छठी जिला स्तरीय निर्यात कार्यशाला थी।



जिला स्तर पर निर्यात जागरूकता कार्यशालाओं का उद्देश्य निर्यात हब/एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के रूप में जिले के तहत प्रत्येक जिले को निर्यात हब के रूप में विकसित करने पर ध्यान देने के साथ केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से निर्यात को बढ़ावा देना और समर्थन करना है। कार्यशाला में शहद, अखरोट, चिकरी की लकड़ी आदि सहित राजौरी जिले के ओडीओपी उत्पादों और अन्य फोकस उत्पादों की क्षमता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। राजौरी के उपायुक्त विकास कुंडल ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए राजौरी के प्रमुख निर्यात संभावित उत्पादों जैसे डेयरी उत्पाद, केला, सेब, मक्का, अखरोट, पेकन नट, चिकरी वुड्स, लैवेंडर, सिल्क और ऊन आदि पर ध्यान दिए जाने का आह्वान किया।

# स्टार्टअप इंडिया का मार्ग पोर्टल पर स्टार्टअप एप के लिए पंजीकरण एप शुरू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी)ने स्टार्टअप इंडिया द्वारा मार्ग पोर्टल पर पंजीकरण आवेदन के लिए ऐप चालू किया है।

मार्ग स्टार्टअप इकाइयों को दिशा दिखाने और परामर्श देने का प्लेटफॉर्म है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप इंडिया स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने और भारत में नवाचार और उद्यमिता के लिए एक मजबूत और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान दे रहा है। इसके लिए एमएएआजी (मार्ग) पोर्टल विकसित कर रहा है। इस पर इकाइयोँ को मार्गदर्शन प्राप्त करने का वन स्टॉप प्लेटफॉर्म है।




# बांग्लादेश वनडे सीरीज से बाहर हुए जडेजा, दयाल

**मुंबई।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और युवा तेज गेंदबाज यश दयाल बांग्लादेश के खिलाफ दिसंबर में होने वाली एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी।

बीसीसीआई ने बताया कि इन दोनों खिलाडिय़ों के स्थान पर तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को टीम में तलब किया गया है। कुलदीप और शाहबाज़ को इससे पहले 25 नवंबर से ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में नामित किया गया था, हालांकि अब वे बांग्लादेश जाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड में एकदिवसीय टीम में इनकी जगह किसी को शामिल नहीं किया गया है।

दूसरी ओर, दयाल को पीठ के निचले हिस्से में समस्या के कारण बंगलादेश दौरे से बाहर कर दिया गया है, जबकि जडेजा अभी तक अपने घुटने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि जडेजा बोर्ड की मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए जडेजा के उपलब्ध होने पर बोर्ड ने कोई जानकारी नहीं दी।

न्यूजीलैंड वनडे के लिए भारतीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक



बांग्लादेश वनडे के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन, शाहबाज़ अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन

# जून तिमाही में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या वार्षिक आधार पर 2.46 प्रतिशत घटी : ट्राई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 2022 में मार्च के अंत के 116.693 करोड़ से बढक़र जून के अंत में 117.296 करोड़ हो गई जो तिमाही आधार पर 0.52 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है। लेकिन पिछले वर्ष की जून तिमाही की तुलना में ग्राहक संख्या 2.46 प्रतिशत घटी है।



इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्र में दूरसंचार के ग्राहकों की संख्या में कमी आयी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहक बढ़े। जून तिमाही के दौरान इससे पिछली तिमाही की तुलना में ग्राहकों की संख्या में 53 लाख की शुद्ध वृद्धि हुयी।

दूरसंचार विनियामक ट्राई द्वारा देश के दूरसंचार क्षेत्र के कार्यप्रदर्शन पर जारी अप्रैल-जून 2022 की भारतीय दूरसंचार सेवाओं के प्रदर्शन की संकेत रिपोर्ट में के अनुसार भारत में समग्र टेली-घनत्व इस वर्ष मार्च में समाप्त तिमाही में 84.88 प्रतिशत था जो बढक़र जून तिमाही में में 85.13 प्रतिशत हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च,22 के अंत में 64.711 करोड़ से बढक़र जून तिमाही के अंत में 64.909 करोड़ हो गयी, हालांकि इसी अवधि के दौरान शहरी टेली-घनत्व 134.94 प्रतिशत से घटकर 134.72 प्रतिशत हो गया।

ग्रामीण टेलीफोन ग्राहक 22 मार्च के अंत में 51.98 करोड़ से बढक़र 22 जून के अंत में 52.33 करोड़ हो गए और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेली-घनत्व भी 58.07 प्रतिशत से बढक़र 58.46 प्रतिशत हो गया।

ग्राहकों में ग्रामीण क्षेत्र की हिस्सेदारी मार्च में समाप्त तिमाही के 44.55 प्रतिशत की तुलना में बढक़र जून में समाप्त तिमाही में 44.66 प्रतिशत रही।

इसके साथ कुल वायरलेस ग्राहकों की संख्या मार्च तिमाही के अंत के 114.209 करोड़ से बढक़र जून तिमाही के अंत में 114.739 करोड़ हो गई जो पिछली तिमाही की तुलना में 0.46 प्रतिशत की दर्शाता है।

# पुणे में जियो ट्रू 5जी की सेवाएं शुरू

**मुंबई।** जियो ने पुणेवासियों के लिए आज जियो ट्रू 5जी की सेवाएं शुरु करने का ऐलान करते हुए 1जीबीपीएस की स्पीड के साथ अनलिमिटेड 5जी डेटा की शुरुआत की है। जियो ने शहर में में ट्रू 5जी की बीटा सर्विस शुरु कर दी हैं जिसके अंतर्गत शहर के अधिकांश हिस्सों में स्टैंडअलोन ट्रू 5जी नेटवर्क उपलब्ध करवाया है, ताकि जियो के ग्राहक अच्छी कवरेज और अत्याधुनिक जियो 5जी नेटवर्क का आनंद उठा सकें।




इस मौके पर जियो के प्रवक्ता ने कहा कि जियो ट्रू 5जी की सेवाएं 12 शहरों में शुरु होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहकों ने जियो वेल्कम ऑफर में पंजीकरण करवाया है, इनके अनुभव और फीडबैक से दुनिया के सबसे आधुनिक 5जी नेटवर्क को तैयार करने में सहयोग मिल रहा है।

अनुमान के अनुरुप ही जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर पहले से जियो के 4जी नेटवर्क से कई गुना ज्यादा डेटा खपत हो रही है। डेटा एक्सपीरिएंस की स्पीड और लेटेंसी के आंकड़े दर्शाते हैं कि लोगों को नाममात्र लेटेंसी के साथ लगभग 500 से 1जीबीपीएस की डेटा रफ्तार मिल रहा है, ऐसी तेज रफ्तार के आंकड़ों से स्पष्ट है कि ट्रू 5जी नेटवर्क जीवन के हर क्षेत्र में इस्तेमाल होने की क्षमता रखता है।

पुणे में छात्रों की बड़ी संख्या है और यह देश के आईटी हब के तौर पर भी जाना जाता है, ओटोमोबाइल और मैन्यूफैक्चरिंग में भी पुणे का बड़ा स्थान है। जियो ट्रू 5जी पुणेवासियों के लिए सही में गेमचेंजर साबित हो सकता है। 23 नवंबर से शुरु हुआ जियो वेलकम ऑफर पुणे के सभी जियो यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के अनलिमिटेड डेटा के साथ 1जीबीपीएस की तक की स्पीड अनुभव करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

# अभिनेता जॉन अब्राहम अभिषेक शर्मा की फिल्म परलोक में आएंगे नजर

जॉन अब्राहम मौजूदा दौर के बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब एक और फिल्म का नाम उनके साथ जुड़ चुका है। वह फिल्ममेकर अभिषेक शर्मा की अगली फिल्म परलोक में मुख्य भूमिका में पर्दे पर दिखेंगे। एक इंटरव्यू में अभिषेक ने खुद जॉन के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें उनका अलग अवतार देखने को मिल सकता है।



उन्होंने कहा, यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है। हम फिल्म बनाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। यह एक शानदार कहानी है, जिसे हम दोनों दर्शकों को बताना चाहते हैं। अगर आप गौर करें तो मैंने कभी एक ही जॉनर पर लगातार काम नहीं किया है और यह फिल्म एक निर्देशक के रूप में मेरी नई दुनिया होने जा रही है।

अभिषेक ने बताया कि फिल्म में वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई है। वह 2019 में आई द जोया फेक्टर के बाद ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करना चाहते थे। हालांकि, योजना के मुताबिक वह काम नहीं कर पाए। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार को साथ लेकर राम सेतु बनाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि परलोक में किस अभिनेत्री की एंट्री होती है।

परलोक के अलावा भी अभिषेक और जॉन के बीच कई अन्य प्रोजेक्ट्स को लेकर बातचीत चल रही है। निर्देशन के साथ ही परलोक का लेखन भी अभिषेक ने किया है।

# दिग्गज अभिनेता रंजीत के बेटे जीवा ने गोविंदा नाम मेरा से बॉलीवुड में रखा कदम

दिग्गज अभिनेता रंजीत, जिन्हें 1970 और 1980 के दशक की फिल्मों में खलनायक के रूप में यादगार प्रदर्शन देने के लिए जाना जाता है, इस बात से खुश हैं कि उनका बेटा जीवा आगामी विक्की कौशल अभिनीत फिल्म गोविंदा नाम मेरा के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अभिनेता ने अपने बेटे जीवा की पहली फिल्म के पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया।



उन्होंने तस्वीर को कैप्शन के साथ पोस्ट किया, अब मेरा बेटा, गोविंदा के बड़े प्रॉब्लम का बेटा।इस पर जीवा ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, कभी चिंता मत करना, मैं वादा करता हूं कि मैं सबसे पहले और हमेशा के लिए आपकी समस्या बनूंगा।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन व्यस्तता भरा लेकिन उत्तम रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा।

***वृष :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी।

***कर्क :*** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा।

***सिंह :*** आज आपका दिन मनोनूकुल रहेगा। टुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।

***कन्या :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी।

***तुला :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा।धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन अनूकूल रहेगा। कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। कुछ परिवार की समस्या रहेगी।

***धनु :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार हो सकता है। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। हल्की पारिवारिक समस्याएं चलती रहेंगी।

***मकर :*** आज सितारे कम अनुकूल हैं। गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। खान पान का ध्यान रखें अन्यथा उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रह सकता है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन लगभग सही रहेगा। व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन बढिया रहेगा। धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा।

## पापड़ का पराठा

सर्दियों में आलू, गोभी, मूली, मेथी के पराठे तो ज्यादातर घरों में बनाए जाते हैं और इस मौसम में इन्हें का मजा ही अलग होता है। लेकिन आप बनाएं इनसे अलग हटकर पापड़ का पराठा, जानें इसकी रेसिपी।



### सामग्री :

**आटे के लिए-** डेढ़ कप आटा, 1/4 कप सूजी, 1/2 टीस्पून अजवायन, 1/4 टीस्पून नमक, 2 टीस्पून शुद्ध घी।

**भरावन की सामग्री-** 2 पापड़, 1 आलू उबला हुआ, 2 हरी मिर्च, 1/2 टीस्पून अदरक कद्दूकस किया हुआ, थोड़ा सा हरा धनिया, 1 टीस्पून लाल मिर्च, 1 चुटकी हल्दी, 1/4 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून अमचूर, स्वादानुसार नमक, आवश्यकतानुसार घी सेंकने के लिए

### विधि :

- एक परात में आटे की सारी सामग्री मिलाने के बाद थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सॉफ्ट आटा गूंथ लें और उसे 20 मिनट के लिए ढककर रख दें।
- अब भरावन के लिए पापड़ सेंककर चूरा करें। उबला आलू छीलकर मैश करें और इसमें हरा धनिया, हरी मिर्च, बारीक काट कर डालें।
- इसके बाद पापड़ के चूरे में आलू सहित सारा भरावन मिलाकर पेड़े बना लें और आटे को गूंथकर एकसार कर लें।
- आटे के पेड़े बनाएं और इनको दबाकर कोटरीनुमा आकार दें।
- इनमें भरावन के पेड़े रखकर बंद करें और हाथ से पराठे बेलें।
- गरम तवे पर दोनों तरफ से घी लगाकर धीमी आंच पर मक्खन से सेंक लें।

## शब्द सामर्थ्य- 261

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 261

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |